प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 31.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. उपराष्ट्रपति सी.पी.राधाकृष्णन ने वाराणसी में श्रीकाशी नाटकोट्टइ नगर क्षत्रम में धर्मशाला का किया उद्घाटन : कहा– काशी का जो दृश्य आज दिखाई दे रहा है उसमें जमीन आसमान का फर्क है।
2. लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर प्रदेशभर में रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्र की अखंडता और एकता के लिए संकल्प लेने का किया आह्वान।
3. .राज्य के पूर्वी जिलों में कल से शुरू होगी धान खरीद : 2 लाख से अधिक किसानों ने कराया है पंजीकरण।

4. और

5. देवोत्थानी एकादशी पर अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा कल सुबह से होगी शुरू : वाराणसी में चार दिवसीय गंगा महोत्व भी कल से होगा प्रारंभ।

———————

उपराष्ट्रपति सी.पी.राधाकृष्णन ने आज वाराणसी में श्रीकाशी नाटकोट्टइ नगर क्षत्रम में धर्मशाला का उद्घाटन किया, इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उनके साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर आयोजित समारोह को

संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज काशी में जो धार्मिक, अध्यात्मिक और अवस्थापना का विकास देखा जा रहा है, उसमें पहले की काशी से जमीन आसमान का फर्क है और यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि वह तमिलनाडु और काशी के बीच नींव रखने वाले इस धर्मशाला का उद्घाटन करके अति प्रसन्न हूं। बाइट.....

*यह जो असंभव बोला जा रहा था, यह कैसे साध्य हुआ? यह साध्य हुआ दो कर्म योगियों के कारण एक थे भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और दूसरे हैं हमारे बहुप्रिय माननीय योगी जी।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम और रामेश्वरम् दोनों भगवान शिव के दिव्य स्वरूप है। उन्होंने कहा कि देशभर में अनेक भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन भारत की आत्मा एक है। बाइट......

*आज का इस समारोह इस बात का स्मरण कराता है कि वाराणसी की पावन गंगा नदी के किनारे से लेकर तमिलनाडु की कावेरी नदी के तट तक की हमारी सांझी परंपरा हमें याद दिलाती है कि भाषाएं भले ही अलग हो भारत की आत्मा एक ही है जो शाश्वत समावेशी और अटूट संबंधों से जुड़ी हुई है। श्री काशी नट्टू कोटई नगर सतनाम मैनेजिंग सोसाइटी द्वारा निर्मित यह धर्मशाला जहां एक और श्रद्धालुओं को ठहरने की सुविधाजनक स्थान उपलब्ध कराएगी। वहीं दूसरी ओर काशी और तमिलनाडु के प्राचीन सांस्कृतिक संबंधों को भी सुधार करेगी।*

समारोह में कई दक्षिण भारतीय श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज लौह पुरुष 'भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल को प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जीवन, समर्पण और त्याग आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत है, राष्ट्रीय एकता दिवस पर हमें जाति, भाषा, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर भारत की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लेना है। बाइट....

*सबका आह्वान करता हूं कि हमें जाने–अनजाने में राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने वाले उन कुत्सित प्रयासों को ना केवल निंदा करनी चाहिए बल्कि उसके खिलाफ समाज को जागरूक करके जो समाज को परिवारवाद के आधार पर, जातिवाद के आधार पर, छुआछूत और अस्पृश्यता के आधार पर बांटने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं, उनके खिलाफ हम सबको मिलकर के राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ बनाने के अभियान के साथ सामाजिक एकता को को सुदृढ़ करने के इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाना चाहिए।*

प्रदेश भर में आज सरदार पटेल की जयंतो पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। महाराजगंज में आयोजित रन फॉर यूनिटी में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ कई अधिकारी, कर्मचारी और स्कूली छात्र–छात्राएं शामिल हुए।

इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प से आजाद भारत को एकसूत्र में पिरोया। वहीं केंद्रीय वाणिज्य उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने पीलीभीत में रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्प पूर्ति के लिए पूरा देश आज एकात्मता के भाव के साथ कार्य कर रहा है। वाराणसी में प्रदेश सरकार में मंत्री रवीन्द्र जायसवाल, बरेली में धर्मपाल सिंह, मऊ में ए.के. शर्मा, संभल में राज्य मंत्री गुलाब देवी और आगरा मेंयोगेंद्र उपाध्याय ने रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सभी को देश की अखंडता और एकता की शपथ दिलाई गयी। सशस्त्र सीमाबल के लखनऊ स्थित सीमांत मुख्यालय द्वारा जी–20 रोड पर तथा जिलों के कलेक्ट्रेट परिसरों और पुलिस लाइन में भी रन फॉन यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों और जवानों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

———————————

न्यायमूर्ति सूर्यकांत भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुने न्यायमूर्ति सूर्यकांत को अगला मुख्य

न्यायाधीश नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति 24 नवम्बर से प्रभावी होगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई का स्थानलेंगे, जिनका कार्यकाल अगले महीने की 23 तारीख को समाप्त होगा।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

खरीफ विपणन वष 2025–26 के अंतर्गत कल से पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान खरीद शुरू होगी जो 28 फरवरी 2026 तक चलेगी। इस अवधि में लखनऊ संभाग के उन्नाव, रायबरेली और लखनऊ में भी धान खरीद होगी। सरकार ने इस वर्ष धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। धान बिक्री के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण प्रारंभ हो गया था। अभी तक 2 लाख, 17 हजार से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। धान बिक्री के लिए किसानों का

पंजीकृत होना अनिवार्य है। किसानों को खाद्य व रसद विभाग की वेबसाइट या मोबाइल ऐप यूपी किसान मित्र पर पंजीकरण कराना हागा।

———————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होंगी। 10वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 10 मार्च तक और 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से 9 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर को वस्तु और सेवाकर–जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत की थी। इससे पूरे देश के नागरिकों को लाभ हुआ। आज, हम ऑटोमोबाइल क्षेत्र में नई जीएसटी दरों से आम जन को हुए लाभ की जानकारी दे रहे हैं। एक रिपार्ट–

*जीएसटी 2.0 के तहत, ट्रकों और डिलीवरी वैन जैसे वाणिज्यिक माल वाहनों पर कर की दरें घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई हैं। इस कदम से सीधे तौर पर लॉजिस्टिक्स लागत में कमी आई है और निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार हुआ है। इसी प्रकार, मोटर कार और मोटर बाइक के निर्माण में उपयोग होने वाले अधिकांश सामानों पर भी जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इस निर्णय से न केवल निर्माताओं की लागत कम हुई है, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए नए वाहन अधिक किफायती भी हो गए हैं। इसके साथ ही, 1800 सीसी तक के ट्रैक्टरो अब पांच प्रतिशत कर स्लैब में शामिल हो गए हैं। नए सुधार ने लोगों के लिए वाहन खरीदना ज़्यादा किफ़ायती*

*बना दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए रोहन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मृगनयनी पांडे।*

————————————

बौद्ध धर्म के प्रमुख गुरु और कुशीनगर भिक्षु संघ के अध्यक्ष अग्ग महापंडित भदन्त एबी ज्ञानेश्वर महास्थवीर का आज तड़के लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे लगभग 90 वर्ष के थे और कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।

————————————

देवोत्थानी एकादशी के पावन अवसर पर अयोध्या में पंचकोसी परिक्रमा कल तड़के चार बजे से शुरू होकर अगले दिन दोपहर तक चलेगी। यह परिक्रमा अयोध्या धाम की परिधि में करीब पंद्रह किलोमीटर लंबी यात्रा है। पंचकोसी परिक्रमा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ संत–महंत भी शामिल होंगे। वहीं वाराणसी में कल से चार दिवसीय गंगा महोत्सव शुरू होगा। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

(समाप्त)